53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 26.0°c अधिकतम 33.0 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:45, सूर्यास्त - 7:03 | वर्ष : 53/अंक : 221 सोमवार, 11 अगस्त 2025 भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, द्वितीया सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

हमें आने वाले कल से अपने आप अच्छे होने की उम्मीद नहीं करनी चाहिए, बल्कि आज की गयी मेहनत और तैयारी ही उसे अच्छा बना सकती है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

चुनाव आयोग और भाजपा लोकतंत्र को तबाह करने पर तुले हुए हैं : कांग्रेस



इस भरी दुनिया में कोई तो सुने... कांग्रेस का दर्द.......

# गोबर बहाने वाली डेयरियों को नोटिस तो न जाने कितने बार दिये जा चुके, प्रशासन तो ये बताए कार्यवाही कब होगी...?

## नालियों में गोबर बहाने को लेकर उठाने होंगे सख्त कदम, बार-बार क्यों उड़ती हैं आदेशों की धज्जियां







**मुजफ्फरनगर, 10 अगस्त (बु.)।** हम घर में गाय को पालते हैं, उसकी पूजा करते हैं। हिंदू शास्त्रों में भी कहा गया है कि गौ मूत्र और गोबर के प्रयोग से घर की समृद्धि बढ़ती है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो गाय के गोबर से उपले बनाये जाते हैं, खाद के लिये भी गाय के गोबर का प्रयोग होता है। ग्रामीण महिलायें तो कच्चे मकानों में गोबर का लेप करती हैं। जीवन से लेकर मृत्यु तक गाय का गोबर प्रयोग में लाया जाता है। शहरों में भी गाय के गोबर का प्रयोग होता है, परंतु बहुत कम, क्योंकि शहरों में खेती तो होती नहीं, ना ही कच्चे मकान होते हैं। आग जलाने के लिये भी गैस पाइपलाइन का प्रयोग होता है। ऐसे में गोबर को नालियों में बहा दिया जाता है। बरसात के दिनों में जिस कॉलोनी में भी गाय पालन यानि कि डेयरियां होती हैं, वहां अक्सर देखने को मिलता है कि गोबर को फेंकने की सही से व्यवस्था ना होने के कारण गोबर को नालियों में बहा दिया जाता है।

आपको बता दें कि नालियों में गोबर बहाने पर नगर पालिका ने करीब 105 दूध डेयरियों को नोटिस जारी किया है। वहीं करीब 35 से अधिक दूध डेयरियों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी लगाया है। इनमें से कुछ दूध डेयरियों के द्वारा नगर पालिका में जुर्माना भी जमा कराया गया है। उधर शहरी क्षेत्र में संचालित करीब 1240 दूध डेयरियों का भौतिक सत्यापन भी कराया जा रहा है। संबंधित सफाई नायकों को सत्यापन करते हुए रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए गए हैं। नगर पालिका के रिकॉर्ड के अनुसार शहरी क्षेत्र के 55 वार्डों में करीब 1240 दूध डेयरियां संचालित हैं। इन डेयरियों से गोबर नालियों में बहाया जा रहा है, जिस कारण नाली और नाले चॉक हो रहे हैं। इस वजह से पानी की निकासी लगातार प्रभावित बनी हुई है। पानी की निकासी न होने पर जलभराव का लोगों को सामना करना पड़ रहा है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी अजय शाही के द्वारा उक्त 1240 दुग्ध डेयरियों का सत्यापन कराया जा रहा है। उधर नगर पालिका के द्वारा हाल में 105 दुग्ध डेयरियों को नोटिस जारी किया गया है। उनके द्वारा नाली में गोबर बहाया जा रहा था। उधर दूध डेयरियों का सम्बंधित सफाई नायक के द्वारा कराया जा रहा सत्यापन 35 से अधिक दूध डेयरियों पर कार्यवाही करते हुए किया जुर्माना करीब 35 से अधिक दुग्ध डेयरियों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी लगाने की तैयारी है। *पालिका ईओ प्रज्ञा सिंह का कहना है कि हमने 200 से ज्यादा दुग्ध डेयरियों को गोबर नालियों में बहाने के लिये नोटिस जारी किया है। यह जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से करवाया गया सर्वे था, जिसके तहत शहर में कई डेयरियां ऐसी पाई गई, जो गोबर नालियों में बहा रहे थे। इन डेयरियों को नोटिस जारी कर दिया गया है और यह भी ध्यान में रखा जा रहा है कि यह पंजीकृत हैं भी या नहीं। साथ ही गंदगी फैलाने वाली डेयरियों से जबाव भी मांगा गया है।*

# जज्बा दौड़ में दिखा युवाओं में विशेष जज्बा, खूब दौड़े बच्चे

## ▶▶मंत्री-चेयरमैन ने किया दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना ▶▶स्कूली बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लूटी वाहवाही ▶▶लक्की ड्रा के माध्यम से किया गया विजेताओं का चयन

**मुजफ्फरनगर, 10 अगस्त (बु.)।** नगर के सरकुलर रोड पर जीआईसी मैदान से रविवार की सुबह ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित जज्बा दौड़-11 में स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ युवा, महिला एवं हर उम्र के लोगों ने जोश के साथ सड़कों पर दौड़ते हुए जज्बे को भी सलाम किया। दौड़ का शुभारंभ नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया। राष्ट्रगान व राष्ट्रध्वज के सम्मान के साथ प्रारंभ हुई दौड़ में हजारों प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

ऑपरेशन सिंदूर में शौर्य दिखाने वाले भारतीय सेना के जवानों को सलामी देने के साथ राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान से प्रारंभ हुई जज्बा दौड़-11 के शुभारंभ अवसर पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व विधायक अशोक कंसल, सत्य प्रकाश रेशु, भाजपा नेता गौरव स्वरूप आदि ने झंडी दिखाकर किया। कार्यक्रम में समर्पित युवा समिति व समर्पित महिला शक्ति टीम के साथ श्री मोहन तायल, बिजेन्द्र पाल, ममता अग्रवाल, रुचि शर्मा मौजूद रहे। जज्बा दौड़ में समर्पित युवा टीम ने पूरी निष्ठा, ऊर्जा और देशभक्ति की भावना के साथ हर वर्ग में इस दौड़ के माध्यम से देशभक्ति का जोश भरने का काम किया। समर्पित युवा समिति अध्यक्ष एवं वार्ड सभासद अमित पटपटिया व उनकी टीम ने आयोजन की संपूर्ण व्यवस्थाएं सफलतापूर्वक संभाली। प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल









ने कहा कि जज्बा दौड़ मात्र खेल का आयोजन नहीं है, अपितु यह युवाओं में राष्ट्र भक्ति, अनुशासन और समाजसेवा की भावना को जगाने का एक जीवंत प्रतीक है। आज ऑपरेशन सिंदूर के शहीदों को नमन करते हुए हम यह संकल्प लें कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सदैव विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बच्चों, युवाओं और आमजन से स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के हर घर तिरंगा अभियान के

शेष समाचार - पृष्ठ-4 पर



